हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

A Project By
AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
SINCE 1994...

RERA No : PCGRERA230126002033

Vijaya श्री Heritage

62 Premium
APARTMENTS
3 & 4 BHK Premium Apartments

EXCEPTIONAL LUXURY IS ALL
YOURS AT JUST 1% MONTHLY EMI.

1% PAY MONTHLY EMI
0% Interest
WITH JUST 25%
(10%+15% Plinth Level)
BOOKING AMOUNT

* T&C Apply


• Grand Entrance • Elite Clubhouse • Open Terrace Garden • In-house Gymnasium



SCAN THIS QR FOR DETAILED BROCHURE

Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur (C.G.)

A NEW ERA OF PROSPERITY,
PROGRESS & POWER BEGINS NOW



BALAJI
ARPA COMPLEX

IDEAL COMMERCIAL SPACES FOR:
• Corporate Offices
• Hospital & Clinics
• Coaching Institutes
• Service Centres
• Banks • Super Market
• Hotels & Restaurants

RERA NO.: PCGRERA260224001735 | Site Address: Guruvihar, Kapil Nagar, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.

AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Corporate Address: Infront of Chhattisgarh Bhawan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)

CALL NOW:
9826533344, 9300321527

खबर संक्षेप

पांच व्यक्तियों पर लगा 4 हजार 4 सौ का अर्थदण्ड

कोरबा। निगम के वार्ड क्र. 26 श्री मेडिको से दादर नाला हनुमान मंदिर तक सड़क डामरकीरण का कार्य लगभग 1 करोड़ रूपये की राशि से कराया गया है। निगम द्वारा सड़क डामरीकरण कार्य किये जाने के पश्चात सड़क किनारे स्थित मकानों में रहने वाले 5 व्यक्तियों द्वारा नवीन सड़क पर पानी डालने की वजह से पानी का जमाव की स्थिति निर्मित होने के कारण सड़क के किनारे उखड़ने लगे तथा निगम द्वारा उक्त व्यक्तियों के ऊपर 4400 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। आयुक्त आशुतोष पांडे ने अपील किया हैं कि नवीन सड़कों में पानी की वजह से सड़के खराब होती है इसलिए आम लोगों से अपील है कि जहां-जहां पर सड़क डामरीकरण हो रहा है उसके आस पास सड़क किनारे स्थित मकान मालिकों से अपील है कि आप लोग घरों के आगे पानी डालकर पानी का जमाव न करे।

राज्योत्सव का आयोजन 2 नवंबर को घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में

कोरबा। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में होगा। राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में 27 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक टीएल बैठक के उपरांत होगी। कलेक्टर कार्यालय ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

राज्योत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकार कर सकते हैं आवेदन

कोरबा। जिले में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के सांस्कृतिक दल एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में होगा। इसके लिए जिले के सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जिले के कलाकारो एवं सांस्कृतिक दलों से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्योत्सव-2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देषभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हों वे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा में प्रविष्टि भर कर आवष्यक दस्तावेजे सीडी, पेनड्राइव गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक सहित 30 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

कोरबा। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती निवासी दिलीप धीवर उम्र 29 साल पिता मसतराम गुरुवार की शाम अपने घर में करंट की चपेट आ गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

संभाग स्तरीय परामर्श बैठक 28 को

कोरबा। प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने के संबंध में 28 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से देवकी नंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई है। राज्य शासन द्वारा गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के प्रमुखों के साथ शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित किया गया।

एसईसीएल के रैवय्ये के खिलाफ जताया आक्रोश

भूविस्थापितों के महासम्मेलन में कई अहम निर्णय व प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल और स्थानीय प्रशासन की तानाशाहीपूर्ण नीतियों के कारण दीपका क्षेत्र के भू-विस्थापित परिवारों का जीवन संकट में आ पड़ा है भूमि अर्जन और विस्थापन के 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी विस्थापितों की समस्याओं का अंत नहीं हो सका है और रोजगार व पुनर्वास की मांगें आज भी अधर में लटकी हुई हैं एसईसीएल प्रबंधन की इस वादाखिलाफी और उपेक्षा के विरोध में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अंडीकछार स्थित टिनठिकिया स्थान पर एक विशाल भू-विस्थापित महासम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस महासम्मेलन में दीपका क्षेत्र के अर्जित एवं पुनर्वासित गांवों सुवाभोड़ी, सिरकीखुर्द, चैनपुर, झाबर और बेलटिकरी के प्रभावित ग्रामीण युवा बुजुर्ग और महिलाएं एकजुट होकर एसईसीएल प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरें। ग्राम सुवाभोड़ी की प्रमुख मांगें पर लंबित मुआवजा एवं परिसंपत्तियों का अविलंब भुगतान 5 लाख रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि बसाहट पात्रता दस्तावेजों में व्याप्त नाम व जाति संबंधी त्रुटियों का तत्काल सुधार स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार का अधिकार के विषयों पर विशेष चर्चा पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही पुनर्वासित क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाएं सिरकी खुर्द चैनपुर झाबर बेलटिकरी ग्रामीणों को भूमि पट्टे का आवंटन पक्की सड़कें नाली पुल-पुलिया गार्डन सामुदायिक भवन मुक्तिधाम तालाब और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं लंबित मुआवजा व पुनर्वास नीति के तहत सभी पात्रताओं का पारदर्शी निपटारा भू-विस्थापित कोटा टेंडर व स्वरोजगार अधिकार वैकल्पिक स्वरोजगार हेतु निर्धारित 5 लाख की टेंडर सीमा को बढ़ाकर 20 लाख स्थानीय भू-विस्थापित ठेकेदारों के साथ किए जा रहे भेदभाव को तुरंत समाप्त के संबंध में भी निर्णय व प्रस्ताव पारित किये गये।

प्रबंधन के खिलाफ लड़ी जाएगी अंतिम लड़ाई

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने दीपका क्षेत्र के समस्त प्रभावित ग्रामों के निवासियों माताओं-बहनों बुजुर्गों और विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे अपने हक और अधिकार की इस निर्णायक लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। वर्षों से अपनी जमीन देकर देश को रोशन करने वाले किसान आज अपने ही हक के लिए तरस रहे हैं एसईसीएल की इस तानाशाही रवैये को अब बर्दाश्त नहीं की जायेगा और महासम्मेलन में अन्य समस्याओं का भी ऐतिहासिक निर्णय व प्रस्ताव लिया गया तथा इसी मंच से एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ आगामी लड़ाई व संघर्ष की तैयारी की जाएगी।

पड़ोसी जिले में पदस्थ आरक्षक ने हसदेव पुल से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

पड़ोसी जिला सूरजपुर के तारा चौकी में पदस्थ एक 33 वर्षीय आरक्षक ने हसदेव नदी में छलांग लगा दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुट गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक आरक्षक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आरक्षक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है।

मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के तारा चौकी में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार बैगा 33 वर्ष पिता जयश्री बैगा की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। शुक्रवार दोपहर को आरक्षक सुनील बैगा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 14 एम 1898 में सवार होकर मोरगा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हसदेव नदी के नए पुल पर पहुंचा और अपनी मोटरसाइकिल को पुल पर ही खड़ी की और अपने कुछ सामान मोटरसाइकिल पर रखकर सीधे नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। गोताखोरों और बचाव दल द्वारा नदी में लगातार खोजबीन की जा रही है। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आरक्षक ने आत्महत्या जैसा यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इस संबंध में फिलहाल कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच कर रही है और लापता आरक्षक की तलाश तेजी से जारी है।

कोयला कर्मचारियों को 1 लाख इंसेंटिव पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र धारक कर्मचारियों को दी जाने वाली 1 लाख रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि को लेकर विवाद सामने आया है। कोल इंडिया आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन ने कोल इंडिया के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर 14 सितंबर के कार्यालय ज्ञापन में आवश्यक संशोधन की मांग की है।

खास बात

- कोल इंडिया आईटीआई एम्पलाइज एसोसिएशन ने पुराने प्रमाण पत्र धारकों के लिए उठाई आवाज

एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा है कि 14 सितंबर के कार्यालय ज्ञापन के तहत सेल तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों के वर्तमान कर्मचारियों को वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर 1 लाख रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पहले से वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर चुके कर्मचारियों के साथ भी समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कोल इंडिया आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन का कहना है कि केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की तारीख को आधार बनाकर पहले से प्रमाण-पत्र हासिल कर चुके कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि से वंचित करने से कर्मचारियों के बीच असमानता की स्थिति पैदा होगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि आदेश के पैरा-2 में पहले से प्रमाण-पत्र धारित कुछ कर्मचारियों के लिए आदेश जारी होने की तारीख से दो माह के भीतर प्रमाण-पत्र जमा करने पर योजना का लाभ देने का प्रावधान है। संगठन ने मांग की है कि पहले से प्रमाण-पत्र जमा कर चुके कर्मचारियों के लिए भी लाभ स्पष्ट किया जाए।

खाद्य विभाग ने ढाबे से चावल-आटा, स्वीट्स सेंटर से पनीर-लड्डू के लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यवाही करती खाद्य विभाग की टीम।

दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में नूनेरा पाली स्थित पंजाब रंगीला ढाबा का निरीक्षण कर चावल और आटा के नमूने लिए गए। इसके साथ ही मुड़ापार स्थित दीपक स्वीट्स एंड डेयरी का भी निरीक्षण किया गया।

खास बात

- दीपक स्वीट्स एंड डेयरी में नहीं मिली पर्याप्त हाइजीन व्यवस्था, सुधार होने तक क्रय-विक्रय बंद

निरीक्षण के दौरान दीपक स्वीट्स एंड डेयरी में स्वच्छता व हाइजीन व्यवस्था पर्याप्त नहीं पाई गई। इसके अलावा प्रतिष्ठान में पानी की जांच रिपोर्ट और कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभागीय टीम ने प्रतिष्ठान से पनीर और लड्डू के नमूने लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। विभाग ने प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदेश जारी करते हुए व्यवस्था में सुधार होने तक प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का क्रय-विक्रय बंद करा दिया गया है। खाद्य विभाग की कार्रवाई से दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर प्रतिष्ठान संचालकों में भी सतर्कता बढऩे की उम्मीद है। विभाग द्वारा लिए गए खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ को दोहरी ऐतिहासिक खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश की तीरंदाजी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

जयपुर की धरती पर आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली तीरंदाज गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज एवं अविनाश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का तिरंगा गौरव के साथ लहराया। रिकर्व टीम की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के तीरंदाजी जगत में उत्साह एवं खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम लंबे समय से उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे, जब छत्तीसगढ़ के हमारे बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक तीरंदाजी उपकरणों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतेंगे। आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। पिछले लगभग 25 वर्षों से संघ बेहतर उपकरणों, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं एवं योग्य प्रशिक्षकों की उपलब्धता के लिए प्रयास करता रहा है। संसाधनों के अभाव के बावजूद हमारे खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी। अनेक खिलाड़ियों ने अपने स्वयं के पैसों से आधुनिक उपकरण खरीदे, दिन-रात कठिन परिश्रम किया और अपने दृढ़ संकल्प से आज यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। श्री मुरारका ने कहा कि यह उपलब्धि केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के युवा तीरंदाजों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। उन्हें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं एशियन गेम्स में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और देश के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, बिलासपुर में भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए घोषणा की थी कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तथा पदक दिलाने वाले कोच को 5-5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

न्यायालय-राजेश खलखो व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर, जिला जांजगीर चांपा छ.ग.
प्रकरण क्रमांक-20ए/2026
प्रोसेस क्रमांक -1712/2026.....
पेशी तारीख - 16.11.2026
शैलेश कुमार वगैरह.....वादीगण
विरूद्ध
अशोक कुमार चंद्रा वगैरह.....प्रतिवादीगण

वादी शैलेश कुमार चंद्रा पिता स्व. विजयकुमार निवासी ग्राम करिगांव तहसील अडभार जिला सक्ती ने आप अनावेदक 01. अशोक कुमार चंद्रा पिता स्व. श्री विष्णुदयाल उम्र 62 वर्ष पेशा कृषक 02. मोती लाल चंद्रा पिता स्व. श्री विष्णुदयाल चंद्रा उम्र 57 वर्ष पेशा कृषक 03. श्याम सुन्दर पिता स्व. श्री विष्णुदयाल चंद्रा उम्र 47 वर्ष, पेशा कृषक सभी साकिन ग्राम करिगांव तहसील अडभार जिला सक्ती छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 16.11.2026 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 23.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट - यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

(राजेश खलखो)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, जैजैपुर
जिला: जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
विवाह प्र. क्र. /ब-121/2025-2026
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर

आवेदक श्री नरेश कुमार चौहान पिता श्री रूप साय चौहान एवं आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी चौहान पति श्री नरेश कुमार चौहान जाति गांड़ा निवासी बनडभरा तहसील बिर्रा तहसील बम्हनीडीह हाल मुकाम वार्ड नं. 23 जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेश कुमार चौहान पिता श्री रूप साय चौहान एवं आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी चौहान पति श्री नरेश कुमार चौहान जाति गांड़ा निवासी बनडभरा तहसील बिर्रा तहसील बम्हनीडीह हाल मुकाम वार्ड नं. 23 जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 09.05.2023 को ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा /आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 25.11.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



* कोरबा। एआईसीसी पदाधिकारी एवं वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान और संगठन प्रभारी अन्नव ज्योति पटनायक तथा कोरबा शहर प्रभारी पूर्व मंत्री उमेश पटेल का कोरबा आगमन हो रहा है। जो कोरबा जिला कमेटी शहर सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, सेवादल, अजा, अजजा प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक लेंगे।



हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

शुभम के मार्ट®
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके!
जितना ख़रीदो उतना मुफ्त पाओ.
केवल 16 अक्टूबर से
31 अक्टूबर, 2026 तक
आज ही खरीदारी करें और मुफ्त शॉपिंग जीतने का मौका पाएँ!
बिल ड्रॉप बॉक्स में डालें और जीतें ₹10,000 तक की मुफ्त शॉपिंग! हर स्टोर से रोज़ 5 विजेता, ड्रॉ शाम 5 बजे
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम स्टोर पर विज़िट करें

शुभम के मार्ट®
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
"गिफ्ट्स के साथ दिवाली की खुशियां होंगी दोगुनी!"
फेस्टिव & कॉर्पोरेट गिफ्ट्स, गिफ्ट वाउचर उपलब्ध है
91091 99110

हल्दीराम भुजिया सेव 1 KG — MRP ₹290 शुभम मूल्य ₹209
हल्दीराम आलू भुजिया 1 KG — MRP ₹250 शुभम मूल्य ₹197
हल्दीराम खट्टा-मीठा 1 KG — MRP ₹245 शुभम मूल्य ₹199

हल्दीराम ड्राई फ्रूट बेसन लड्डू 800 GM — MRP ₹690 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम फेस्टिव पेटिसा 800GM — MRP ₹625 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम डबल धमाका 530 GM — MRP ₹599 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम मिनी सोन केक इलाइची फ्लेवर 200 GM — MRP ₹99 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम मेलजोल 325 GM — MRP ₹329 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम पतीसा 400 GM — MRP ₹280 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम फेस्टिव लड्डू 700 GM — MRP ₹725 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम ड्राई फ्रूट बेसन लड्डू 400 GM — MRP ₹350 BUY1GET1 FREE
हल्दीराम काजू कतली 325 GM TIN PACK — MRP ₹749 BUY1GET1 FREE

हल्दीराम रसगुल्ला 1 KG — MRP ₹225 शुभम मूल्य ₹179
हल्दीराम गुलाब जामुन 1 KG — MRP ₹240 शुभम मूल्य ₹189
हल्दीराम सोन पापड़ी 500 GM — MRP ₹135 शुभम मूल्य ₹109
आकाश स्वीट डिलाइट 400 GM — MRP ₹240 BUY1GET1 FREE
नाकोडा काजू कतली 325 GM / 400 GM — MRP ₹599 BUY1GET1 FREE
मिठाई मैजिक कॉम्बो 2 KG — MRP ₹490 BUY1GET1 FREE
शुभ प्रीमियम सोन पापड़ी 250 GM — MRP ₹99 BUY1GET1 FREE
शुभ प्रीमियम गुलाब जामुन 1 KG — MRP ₹310 BUY1GET1 FREE
शुभ प्रीमियम रसगुल्ला 1 KG — MRP ₹290 BUY1GET1 FREE

शुभ प्रीमियम बेसन लड्डू 400 ग्राम — MRP ₹230 BUY1GET1 FREE
सुंदर नदियादी मिक्सचर 700 GM — MRP ₹250 शुभम मूल्य ₹99
सुंदर सुरती मिक्सचर 700 GM — MRP ₹250 शुभम मूल्य ₹99
सुंदर गार्लिक मिक्सचर 700 GM — MRP ₹175 शुभम मूल्य ₹99
नाकोडा सदाबहार मिक्सचर 750 GM — MRP ₹240 शुभम मूल्य ₹99
शुभ प्रीमियम आलू भुजिया 1 KG — MRP ₹390 शुभम मूल्य ₹185
नमकीन मैजिक भुजिया सेव 800 GM — MRP ₹320 शुभम मूल्य ₹149
शुभ प्रीमियम भुजिया सेव 1 KG — MRP ₹399 शुभम मूल्य ₹189
नकोडा रसगुल्ला 1 KG — MRP ₹240 शुभम मूल्य ₹109

बिग प्लास्टिक्स सीज़न्स कैसरोल 1200 — MRP ₹280 शुभम मूल्य ₹99
वीर रॉयल 6 पीस SS डिनर सेट — MRP ₹599 शुभम मूल्य ₹199
लिज़ा गॉरमेट 2 पीस सेट (बोतल + लंच बॉक्स) — MRP ₹860 शुभम मूल्य ₹399
एरिस्टोक्रेट केबिन ट्रॉली 55 cm — MRP ₹10000 शुभम मूल्य ₹1399
टिब्रॉस 32 पीस रेगालिया डिनर सेट — MRP ₹1999 शुभम मूल्य ₹999
एरिस्टोक्रेट डफ़ल बैग + गिफ्ट बॉक्स नीला — MRP ₹1750 शुभम मूल्य ₹699
बिग प्लास्टिक्स सेलिब्रेशन गिफ्ट पैक केतली और कैसरोल का 2 पीस सेट — MRP ₹975 शुभम मूल्य ₹449
काजू (W400) 500GM — MRP ₹700 शुभम मूल्य ₹559
शुभ बादाम 500GM — MRP ₹700 शुभम मूल्य ₹641
शुभ किसमिस 500GM — MRP ₹480 शुभम मूल्य ₹239

शुभ गिफ्ट हैम्पर
हल्दीराम गिफ्ट हैम्पर
बिकाजी गिफ्ट हैम्पर
नकोडा गिफ्ट हैम्पर
आकाश गिफ्ट हैम्पर
भीकाराम चांदमल & छेड़ा गिफ्टिंग
नटराज & सैफ़्रॉन ड्राईफ्रूट्स गिफ्टिंग
*नियम और शर्तें लागू: यह ऑफर स्टॉक रहने तक ही मान्य है। दिखाए गए उत्पाद चित्र केवल सांकेतिक हैं।

MRP पर कम से कम 9%* डिस्काउंट + एक्स्ट्रा डिस्काउंट
UPTO 60% DISCOUNT

रायपुर स्टोर:
संतोषी नगर • पंडरी • पुरानी बस्ती • श्रीनगर • कोटा • सरोना • कमलविहार • देवेन्द्र नगर • चंगोराभाठा • भाठागांव • अश्विनी नगर • बिरगांव • सड्डू- मेन रोड
सराईपाली • जुनवानी- भिलाई • पलारी • राजनांदगांव • भाटापारा • धमतरी • जैजैपुर • अंजोरा • अकलतरा • नवापारा- राजिम • बालोद
• बेमेतरा • पाटन • बेरला • खरियार रोड • शिवरीनारायण • सिमगा • पोटिया रोड - दुर्ग • अभनपुर • कवर्धा • उतई • खैरागढ़ • डोंगरगढ़
अतिशीघ्र शुभारंभ • जगदलपुर • बलौदाबाज़ार • बिलासपुर • अमलिडीह • कटोरा तालाब
कॉर्पोरेट कार्यालय : शुभम टावर, कमल विहार गेट के सामने, डुमरतराई, रायपुर, छत्तीसगढ़
• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा • महाराष्ट्र
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : +91 91091 99110
FOLLOW US ON: shubhamkmartofficial | Shubham K Mart | @shubhamkmart2926
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

खबर संक्षेप

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने निजी खर्च से भेंट किया ग्राम पंचायत रेडा में पानी टैंकर



डभरा। सक्ती जिला अंतर्गत डभरा विकासखंड के ग्राम पंचायत रेडा में शुक्रवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल ने जनहित एवं जनसेवा की भावना का परिचय देते हुए अपने निजी खर्च से ग्राम पंचायत को विभिन्न उपयोगी सामग्रियां प्रदान कीं। इस दौरान उन्होंने गांव की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पानी टैंकर भेंट किया। साथ ही ग्राम पंचायत के सभी विद्युत खंभों के लिए स्ट्रीट लाइट तथा गांव के सभी बोर पंपों के लिए सबमर्सिबल पंप ग्राम पंचायत को सौंपे। इन सुविधाओं के मिलने से गांव में पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही रात्रि के समय गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, बोर पंपों के लिए सबमर्सिबल पंप उपलब्ध होने से ग्रामीणों को पानी की सुविधा सुचारु रखने में सहयोग मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल ने उपस्थित सैकड़ों माताओं एवं बहनों को साड़ियों का वितरण भी किया। इस पहल से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कमल किशोर पटेल द्वारा अपने निजी खर्च से ग्राम पंचायत को पानी टैंकर, स्ट्रीट लाइट एवं सबमर्सिबल पंप उपलब्ध कराने की पहल को ग्रामीण विकास और जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रीराम कुटी में वैष्णव समाज के जिला पदाधिकारियों का निर्वाचन आज


अकलतरा। श्री वैष्णव महासभा के निर्देशानुसार जांजगीर-चांपा जिले के वैष्णव समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए 25 अक्टूबर, रविवार को स्थानीय श्री राम कुटी में आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें श्री वैष्णव महासभा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में कोरबा से शिव कुमार वैष्णव, अजय वैष्णव एवं युवराज वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पर्यवेक्षकों के मार्गदर्शन में अकलतरा, बलौदा, पामगढ़, नवागढ़ एवं बम्हनीडीह विकासखंड के मंडल पदाधिकारियों का निर्वाचन कराया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिला महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का भी चुनाव संपन्न होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अकलतरा विकासखंड के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश वैष्णव ने जिले के समस्त वैष्णव समाज के लोगों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने समाजजनों से निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाकर समाज के संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया है।


तुलसीडीह के ग्रामीणों को बिजली समस्या से मिलेगी निजात

मालखरौदा। ग्राम पंचायत बड़ेमुड़पार के अंतर्गत आने वाले गांव तुलसीडीह में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का जल्द ही समाधान होने जा रहा है। सरपंच दिलदार खूंटे के निरंतर प्रयास के फलस्वरूप किरारी मार्ग पर 11 केवीए लाइन के 20 नए बिजली पोल तथा 63 केवीए के नए ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिल गई है। ट्रांसफार्मर और पोल स्वीकृत होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नया ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि सरपंच इसी तरह तत्पर होकर ग्राम के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे तो ग्राम पंचायत प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाएगी।

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन में मीनल प्रदेश मंत्री एवं आशा बनीं प्रदेश उपाध्यक्ष

सक्ती। सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक गतिविधियों के क्षेत्र में सक्ती को एक और पहचान मिली है। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन में सक्ती की समाजसेविका मीनल अंकित अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं आशा गोयल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों नियुक्तियों को संगठन में महिला नेतृत्व को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल की अनुशंसा पर महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल बिलासपुर ने यह नियुक्तियां की हैं। प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से मीनल अंकित अग्रवाल और आशा गोयल को संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका को और व्यापक बनाने का अवसर मिलेगा। सक्ती की मीनल अंकित अग्रवाल को प्रदेश मंत्री बनाए जाने से स्थानीय स्तर पर इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। वहीं आशा गोयल की नियुक्ति पर भी नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। निर्वाचित होने के बाद मीनल और आशा ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वे खरा उतरते हुए सामाजिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।





कोटमी सोनार में विधिक जागरूकता, कैरियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

न्याय और शिक्षा से बेटियों को मिलेगी नई उड़ान : शिवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



छात्राओं को मार्गदर्शन देती न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी सिंह।

बेटियां समाज का आधार हैं। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी का कानूनी एवं नैतिक दायित्व है। न्याय और शिक्षा के माध्यम से ही बेटियां आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

यह बात न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तालुका विधिक सेवा समिति अकलतरा की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी सिंह ने कही। वे शुक्रवार 23 अक्टूबर को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी सोनार में आयोजित विधिक जागरूकता, कैरियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। तालुका विधिक सेवा समिति अकलतरा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग अकलतरा के संयुक्त तत्वावधान में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती शिवानी सिंह ने बालिकाओं को नालसा की बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सहायता योजना, 2024, बाल विवाह निषेध अधिनियम, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39(क) के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े प्रावधानों के साथ साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, उनके संभावित दुष्परिणामों और उनसे बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में उचित मार्गदर्शन और कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग अकलतरा की सुपरवाइजर श्रीमती जास्मीन निराला तथा सखी वन स्टॉप सेंटर, जांजगीर की केंद्र प्रशासक एवं परामर्शदाता ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बालिकाओं के संरक्षण, परामर्श और सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम का मंच संचालन पैरालीगल वॉलंटियर (पीएलवी) गजानंद प्रसाद कश्यप ने किया। इस अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी सोनार के प्राचार्य संजय चंद्रशेखर, पीएलवी डालेश्वर प्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

दशहरा उत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति और मनमोहक झांकियों ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि का स्वागत करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

विजयादशमी के पावन अवसर पर सक्ती में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव ने धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक वैभव और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। नगर के दीनदयाल उपाध्याय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहडोल से आए कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों, आकर्षक झांकियों, भव्य रावण दहन और रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। वहीं, चौपाटी में भी लोगों की भारी भीड़ रही। परिवारों ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेते हुए मेले जैसे माहौल का लुत्फ उठाया। लगातार दूसरे वर्ष मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने नगरवासियों के लिए दशहरा पर्व को यादगार बना दिया।

दशहरा पर्व को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। शाम होते ही दीनदयाल उपाध्याय मैदान में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंचे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आकर्षक झांकियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिक मनोरंजन का सुंदर मेल देखने को मिला। कार्यक्रम सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रांतीय मंत्री दिनेश शर्मा मंचस्थ रहे। शहडोल से आए कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं। कलाकारों ने अपनी कला और प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैदान तालियों की गूंज से गूंजता रहा। वहीं, आकर्षक साज-सज्जा से सुसज्जित झांकियों को देखने के लिए भी लोगों में खासा उत्साह रहा। दर्शकों ने परिवार के साथ इन प्रस्तुतियों का आनंद उठाया। दशहरा उत्सव के साथ चौपाटी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। बड़ी संख्या में नगरवासी परिवार और मित्रों के साथ यहां पहुंचे। खानपान के विभिन्न स्टॉलों पर चहल-पहल रही। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रावण दहन, आतिशबाजी और चौपाटी की रौनक ने पूरे आयोजन को उत्सव के यादगार अनुभव में बदल दिया।

रावण दहन के साथ गूंजा विजयादशमी का जयघोष- उत्सव का सबसे प्रतीक्षित क्षण रात 10 बजे आया, जब रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतले के धू-धू कर जलते ही मैदान में मौजूद लोगों ने विजयादशमी का जयघोष करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान हुए भव्य आतिशबाजी शो ने आसमान को रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर कर दिया। आतिशबाजी के मनमोहक नजारों ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को रोमांचित किया और आयोजन की रौनक में चार चांद लगा दिए।

दूसरे वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच की पहल सफल- सक्ती में लगातार दूसरे वर्ष मारवाड़ी युवा मंच द्वारा दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। भव्य आयोजन और नगरवासियों की सहभागिता ने मंच की पहल को खास बना दिया। मंच के अध्यक्ष मनीष कथुरिया एवं राज कुमार अग्रवाल ने आयोजन में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, सहयोगियों, कलाकारों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देना संभव हुआ।

तुस्मा में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का आतिशबाजी के साथ हुआ दहन

तुस्मा। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व ग्राम तुस्मा में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी ग्राउंड स्थित दशहरा मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया गया। रावण दहन के दौरान पूरा मैदान जय-जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी,आकर्षक आतिशबाजी और मया के झरोखा लोक कला मंच की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दशहरा उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के ज्योदगीर मोहल्ला स्थित लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात भगवान श्रीराम,लक्ष्मण एवं हनुमान की जीवंत झांकी सुसज्जित रथ पर सवार होकर दशहरा मैदान के लिए रवाना हुई। इस दौरान धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। झांकी के मैदान पहुंचने के बाद भगवान श्रीराम की जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। दशहरा मैदान में रावण दहन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन से पहले जमकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद रावण वध के साथ पुतले का दहन किया गया। जैसे ही रावण का पुतला आग की लपटों में घिरा,मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्सव का आनंद लिया। बच्चों,युवाओं महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोग इस आयोजन के साक्षी बने। दशहरा उत्सव का प्रमुख आकर्षण मया के झरोखा लोक कला मंच की सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। मंच के कलाकारों ने लगभग चार घंटे तक नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को बांधे रखा। लोक कला, संगीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों के संगम ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने खूब उत्साह दिखाया। देर तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आनंद लिया और कलाकारों की सराहना की। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए पंचायत की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीणों को एक साथ मिलकर त्योहार मनाने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रम गांव में सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं।



■ मया के झरोखा लोक कला मंच की चार घंटे की मनमोहक प्रस्तुति ने बांधा समां

शासकीय आईटीआई सक्ती में 30 को होगा रोजगार मेला का आयोजन

सक्ती। जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सक्ती में 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम, श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड जांजगीर, फाइंड दक्ष भिलाई तथा स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी रायपुर के नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में फील्ड ऑफिसर, बीमा सखी, टू व्हीलर फाइनेंसर, बैंक असिस्टेंट, सिक्योरिटी गार्ड, वेल्डर, हाउसकीपिंग स्टाफ एवं केयरटेकर के पदों पर भर्ती की जाएगी। पदों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित है। वेतनमान 7,000 से 18,000 रुपये प्रतिमाह तक रहेगा। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में शामिल होने के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय सक्ती से संपर्क किया जा सकता है।

पराली जलाने के बजाय करें मशरूम उत्पादन, बनाएं जैविक खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



मशरुम उत्पादन एवं जैविक खाद बनाने जानकारी देते किसान स्कूल के संचालक।

बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को पराली के उपयोग से मशरूम उत्पादन करने, उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं तथा मशरूम की खेती के बाद बचे अवशेषों का उपयोग जैविक खाद बनाने में करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि धान की पराली किसानों के लिए अनुपयोगी कचरा नहीं, बल्कि एक उपयोगी कृषि संसाधन है। उचित विधि से पराली का उपचार कर उससे ढींगरी (ऑयस्टर) मशरूम का उत्पादन किया जा सकता है। इसके लिए पराली की सफाई, काटने, उपचार करने, बीज डालने तथा उचित तापमान और नमी बनाए रखने जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी होना आवश्यक है। किसान स्कूल में किसानों को समझाया गया कि मशरूम उत्पादन के बाद बचे पराली के अवशेषों का उपयोग उचित तरीके से कम्पोस्ट या अन्य जैविक खाद तैयार करने में किया जा सकता है। तैयार खाद का उपयोग खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और जैविक पदार्थ बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। इस प्रकार पराली का बेहतर उपयोग कर किसान कृषि अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन में बदल सकते हैं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना और कृषि अवशेषों से आय बढ़ाने के वैकल्पिक उपायों की जानकारी देना रहा। मशरूम उत्पादन कम जगह में भी शुरू किया जा सकता है। इच्छुक किसान उचित प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण मशरूम बीज तथा बाजार की उपलब्धता को ध्यान में रखकर इसे कृषि आधारित उद्यम के रूप में अपना सकते हैं। किसान स्कूल के माध्यम से किसानों को खेती में नवाचार अपनाने, कृषि अवशेषों का सदुपयोग करने तथा कम लागत में अतिरिक्त आय के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

■ किसान स्कूल में आयोजित हुआ मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम, किसानों को पराली के सदुपयोग के बताए तरीके

बाराद्वार में 1.11 करोड़ के चार विकास कार्यों का भूमिपूजन

बाराद्वार। नगर पंचायत नया बाराद्वार में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में 22 अक्टूबर को मुक्तराजा स्थित मां समलाई दाई मंदिर परिसर के पास 1 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपये की लागत से होने वाले चार निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू एवं जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों को नगर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

नगर पंचायत के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 में प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना पर 27.90 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 11 में नगर पंचायत कार्यालय के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण पर 27.70 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 15 में मां समलाई मंदिर के पास शेड निर्माण पर 12.36 लाख रुपये तथा वार्ड क्रमांक 14-15 में सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम के निर्माण पर 43.10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन चारों कार्यों की कुल लागत 1 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपये है। निर्माण कार्य पूरे होने से नगर में अपशिष्ट प्रसंस्करण व्यवस्था को बेहतर बनाने, कार्यालयीन कार्यों के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराने, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को सुविधा देने तथा अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग, जनप्रतिनिधियों के प्रयासों और नगरवासियों की सहभागिता से बाराद्वार में चहुंमुखी विकास के कार्य किए जा रहे हैं। चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन इसी दिशा में एक अहम कदम है। जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने नगर पंचायत की विकास गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रसंस्करण संयंत्र, कार्यालय का अतिरिक्त कक्ष, मंदिर परिसर में शेड और सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम जैसे निर्माण कार्य आम नागरिकों की जरूरतों से सीधे जुड़े हैं। इनसे नगर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष गेंडराम मनहर, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक कलानोरिया, अजय सिंह राजपूत, अनिल यादव, हेमंत साहू, महाबीर राठौर, अमित बरेठ, पवन बंसल, भरत कर्ष, ओमप्रकाश कुर्रे, भोजराम खूंटे, कैलाश भैना और घनश्याम खुरसे सहित नगर पंचायत के पार्षदगण, एल्डरमेन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कश्यप ने आभार व्यक्त किया।



केंद्र सरकार से की निष्पक्ष जांच की मांग

अंकिता भंडारी को न्याय की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका की निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय जांजगीर में महिला कांग्रेस द्वारा सुश्री मनोरमा पाटेकर के संयोजन विधायक ब्यास कश्यप, रमेश पैगवार,विवेक सिंह सिसोदिया,रफीक सिद्दीकी,राइस किंग खूंटे,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर,पार्षद प्रिंस शर्मा की उपस्थिति में कैंडल मार्च निकाला गया।

शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक पहुंचे इस मार्च में अंकिता भंडारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की कि सीबीआई की जांच पूरी होने और मामले से जुड़े सभी सवालों का निष्पक्ष जवाब सामने आने तक सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल की नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाए तथा जांच पूरी होने तक उन्हें संवैधानिक पद पर बनाए रखने के निर्णय को स्थगित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2022 में उत्तराखंड के ऋषिकेश के निकट एक रिसॉर्ट में कार्यरत 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रिसॉर्ट संचालक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों को दोषी ठहराया गया तथा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि, मामले में कथित वीआईपी की भूमिका और पहचान को लेकर उठ रहे सवालों के कारण निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग लगातार जारी है। अंकिता के परिजनों ने इस संबंध में भाजपा नेता दुष्यंत कुमार गौतम पर भी आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की न्यायिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित नेता ने इन्हें खारिज किया है। जनवरी 2026 में उत्तराखंड सरकार ने परिजनों की मांग पर मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी। ऐसे में जांच पूरी होने से पहले दुष्यंत कुमार गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने को लेकर महिला कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। इस दौरान पाषर्दगढ़ श्रीमती रेखा सोनवान, श्रीमती रक्षा धीरज सिंह बैस, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, अरमान खान, रजनी सूर्यवंशी, सत्यभामा टंडन, मुन्नी रात्रे, चंपा प्रधान, शशिकांता हंसेलिया,परमेश्वर निर्मले, नर्मदा सूर्यवंशी, युवा कांग्रेस नेता आकाश तिवारी, संस्कार राठौर,चंद्रप्रकाश ओग्रे भाकू, दुष्यंत यादव, अमन, सावन पाटेकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अकलतरा। राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जन आंदोलन के तहत अकलतरा नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मताधिकार की सुरक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दे उठाए। कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार तिलोक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। कांग्रेस की रैली भगवान परशुराम मार्ग से प्रारंभ होकर सब्जी मार्केट होते हुए शास्त्री चौक पहुंची। शास्त्री चौक पर एकत्रित कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा तथा आभार व्यक्त नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंजू सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर, संतोष सिंह बैस, डी.आर. डाहिरे, अविनाश लाटा, मदन मोहन सिंह चंदेल, अब्दुल मोईद, राजेश जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

पराली जलाने के बजाय करें मशरूम उत्पादन, बनाएं जैविक खाद
4



खबर संक्षेप

सिवनी नैला में युवा समिति डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज

जांजगीर-चांपा। युवा समिति सिवनी नैला द्वारा डांस प्रतियोगिता का रविवार 25 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से जय नहारिया बाबा मंदिर, बलौदा मार्ग, सिवनी (नैला) में होगा। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस, डबल डांस एवं एकल डांस की स्पर्धा आयोजित होगी। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस का प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, डबल डांस का प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये एवं एकल डांस का प्रथम पुरस्कार 4001 रुपये रखा गया है। इसके अलावा द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, छठम एवं सप्तम पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, जनपद सदस्य रूपनारायण लसेर, सरपंच रघुवीर बरेठ, उपसरपंच शुभांशु मिश्रा, सचिव श्रीमती हेमलता यादव एवं समस्त वार्ड पंचगण होंगे। आयोजक समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र बरेठ, उपाध्यक्ष आशिष बरेठ, सचिव मनोज बरेठ, सहसचिव नकेश्वर यादव एवं संदीप बरेठ ने क्षेत्र के समस्त डांस प्रतिभागियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।

पुलिस की कार्रवाई, 30 पाव अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

चांपा। चांपा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 पाव देशी प्लेन शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 5400 रुपये है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार सेंडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेड कार्रवाई की। चांपा के शंकर नगर निवासी मुकेश कुमार मिरी के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सेंडे सहित स्टाफ का योगदान रहा।

तैयारियों में जुटा प्रशासन, दीपावली के बाद कटाई-मिंजाई में आएगी तेजी

जिले में बनाए गए 5 नए केन्द्र, समर्थन मूल्य पर 16 से होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि निर्धारित हो गई है। इस बार 16 नवंबर से धान की खरीदी की जाएगी। जिले में धान खरीदी की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में 5 नए केंद्र बनाए गए हैं। इस बार 134 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।

कृषि प्रधान जिला जांजगीर-चाम्पा में धान की बम्पर पैदावार होती है। किसान बड़ी मात्रा में समर्थन मूल्य पर धान बेचते हैं। इसे देखते हुए इस बार जिले में 5 नए केंद्र बनाए गए हैं। पिछले साल 129 उपार्जन केंद्र के माध्यम से धान खरीदा गया। इस साल 134 केंद्र में धान खरीदी की जाएगी। इस बार बनाए गए नए केंद्रों में कनस्दा, पोड़ी राछा, पचेड़ा, कुरदा और दुरपा शामिल हैं। पिछले साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 23 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। इस साल भी कुछ किसान जुड़े हैं और कुछ के नाम कटे हैं। अभी तक पिछले साल की तुलना में पंजीकृत किसानों की संख्या लगभग 1 हजार बढ़ गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 16 नवंबर से की जाएगी। जिला प्रशासन धान खरीदी की तैयारियों में जुट गया है। जांजगीर चाम्पा जिला में 85 फीसदी क्षेत्र में नहर का जाल फैला है। यहां के किसान नहर से सिंचाई कर धान की भरपूर पैदावार लेते हैं। हालांकि यहां नवंबर के अंतिम दिनों में उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढ़ती है। जिले में अब धान की फ़सल तैयार होने लगी है। दिवाली के बाद किसान धान की कटाई और मिंजाई में व्यस्त होंगे।



खेत में लगी धान की फसल और डिजीटल क्रॉप सर्वे का जायजा लेते अधिकारी

फंस ना जाए डिजीटल क्रॉप सर्वे का पेंच

शासन द्वारा इस बार भी धान खरीदी शुरू होने के पूर्व आनलाइन गिरदावरी के लिए डिजीटी क्रॉप सर्वे का नियम बनाया गया है। खास बात यह है कि इस बार जारी किए गए नियम के मुताबिक डिजीटल क्रॉप सर्वे में जितने खसरा नंबरों का गिरदावरी हुआ रहेगा, उसी नंबरों पर धान की खरीदी होगी। इधर डिजीटल क्रांप सर्वे में जिस तरह की तकनीकी समस्या आ रही है, उसको देखते हुए पटवारियों ने अपने हाथ खड़े कर दिए है। विभागीय सूत्रों की माने तो जिले में आधे खसरा नंबर डीसीएस ऐप में नहीं है। इसके अलावा सवा दो लाख से अधिक खसरा नंबर पीवी ऐप में है, जिसका भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर करना है। इसके अलावा बहुत सारे खसरा नंबर ना तो डीसीएस में है और ना ही पीवी ऐप में। ऐसे में यदि डिजीटल क्रॉप सर्वे वाले खसरा नंबरों में ही धान खरीदी की अनिवार्यता होती है तो अधिकांश किसान परेशानी में फंस सकते है।

अपर कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायजा

सक्ती। नव पदस्थ अपर कलेक्टर नवीन भगत ने शनिवार 24 अक्टूबर को ग्राम दर्राभाठा, डोड़की, बड़े सीपत, फरसवानी एवं डभरा क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर आगामी धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आगामी धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी जरूरी तैयारियां समय पर पूर्ण करने निर्देश दिए।

कर रहे तैयारी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 16 नवंबर से होगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। किसानों की सुविधा को देखते हुए पांच नए केन्द्र बनाए गए है। जिले में इस बार 134 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी।

-अमित साहू,
जिला नोडल अधिकारी

सड़क चौड़ीकरण में सुरक्षा की अनदेखी, ढाई से तीन फीट गहरे गड्ढे में हर पल हादसे का खतरा

एम्बुलेंस सहित सभी तरह के वाहनों की होती है आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में पेण्ड्री से मेडिकल कॉलेज होते हुए जिला पंचायत चौक तक सड़क चौड़ीकरण का काम कराया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में बनी सिंगल सीसी सड़क के दोनों ओर मिट्टी हटाकर ढाई से तीन फीट तक गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिसके कारण यहां हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

पेंड्री से जिला पंचायत चौक तक जाने वाली सड़क का इन दिनों चौड़ीकरण का काम कराया जा रहा है। यह सिंगल सड़क ही मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के साथ-साथ कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल और जिला न्यायालय, जिला पंचायत के लिए बायपास मार्ग है। इस कारण यहां दिनभर वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। दोपहिया से लेकर चारपहिया और एंबुलेंस तक इसी मार्ग से गुजरती हैं। ऐसे में यहां आमने-सामने से दो वाहन आने पर एक वाहन को मजबूरन गड्ढे के किनारे से गुजरना पड़ता है, जिससे पहिया गड्ढे में उतरने और पलटने का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से मरीजों को लेकर एम्बुलेंस की दिन भर आवाजाही होती रहती है। साथ ही बाइक और चारपहिया वाहनों का भी आना जाना लगा रहता है।





सड़क के दोनों ओर मिट्टी हटाकर खोदा गया गड्ढा।

संकेतक भी नहीं, बोरियों से चला रहे काम

निर्माण स्थल पर न तो लाल झंडा, न रिफ्लेक्टर, न बैरिकेडिंग। विभाग ने सिर्फ गड्ढे के किनारे कुछ बोरियों में मिट्टी भरकर रख दी है, जो किसी भी वाहन को रोकने में नाकाफी है। रात में गड्ढा दिखाई नहीं देता। छात्र-छात्राओं और मरीजों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर सुरक्षा की यह अनदेखी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। शाम और रात में खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और काम में तेजी लाने की मांग की है।

1 नवंबर से बढेगा दूध का भाव, पशु आहार की बढ़ती कीमत से लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

पशु आहार की बढ़ती कीमतों और दूध के अपेक्षाकृत कम दाम से परेशान बलौदा ब्लॉक के पशुपालकों ने दूध की नई दरें निर्धारित करने का निर्णय लिया है। दुग्ध उत्पादक किसान संगठन बलौदा की आपात बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 1 नवंबर से क्षेत्र में गाय का दूध 60 रुपये और भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पशुपालन में लगातार बढ़ती लागत के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में दूध का उचित मूल्य सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है। खर्च बढ़ने से दुग्ध उत्पादकों का मुनाफा घट रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने नई दरें लागू करने का निर्णय लिया है। संगठन द्वारा घोषित दरों के अनुसार 1 नवंबर से बलौदा ब्लॉक क्षेत्र में गाय का शुद्ध दूध 60 रुपये प्रति लीटर और भैंस का शुद्ध दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने अपने सदस्यों से निर्धारित दरों का पालन करने की अपील की है। साथ ही, डेयरी संचालकों और दूध विक्रेताओं से भी नई दरों के अनुरूप खरीद-बिक्री करने को कहा गया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित दरों से कम कीमत पर दूध बेचने को लेकर वह सख्ती बरतेगा। इसके लिए क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था बनाने और विशेष टीमों के माध्यम से दूध की आपूर्ति पर नजर रखने की बात कही गई है। बैठक में संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष बसंत यादव, कोषाध्यक्ष शिवरतन, सचिव मनीष यादव, सहसचिव हरीश कुमार अहीर सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक चालक हुआ घायल

मालखरौदा। ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार 24 अक्टूबर की सुबह की है। मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कनाईडीह के किसान कृषि केंद्र के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीडी 0264 ने सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार सीजी 11 एमए 3062 को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल ट्रेलर के नीचे आ गया। बाइक बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वही मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मौके पर लोगों की भीड जुट गई। आक्रोशित लोग चक्काजाम करने लगे। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे तथा उन्होंने चक्का जाम करते लोगों को समझाईश दी गई। वाहन चालक रघुनाथ जांगड़े 60 वर्ष खरीं क्रो एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए जाया गया। वहीं डॉक्टरों ने जांच के बाद शिव कुमार जांगड़े 58 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए के रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस पुरे मामले की कार्रवाई करते हुए विवेचना में जुटी है।

निर्माणाधीन पुल और सड़कों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

मौके पर सड़क का कराया माप, परखी निर्माण कार्य की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर ने शनिवार को निर्माणाधीन सड़कों और पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोधना से कुकदा तक तथा मेन रोड राहौद से बालक छात्रावास तक निर्माणाधीन सीसी रोड का अवलोकन किया। साथ ही कुकदा-रिंगनी के बीच निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई और मोटाई की मौके पर ही माप कराई। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मापदंडों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने सड़क के साथ ड्रेनेज व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा होने की समस्या न हो और आवागमन सुचारू बना रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और तय समय-सीमा में कार्य पूरा कराने को कहा। सड़क निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने कुकदा-रिंगनी के बीच निर्माणाधीन पुल का जायजा लिया। उन्होंने पुल निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क और पुल निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराएं, ताकि आम नागरिकों को बेहतर एवं टिकाऊ आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके।



निर्माणाधीन सड़क का माप कराते कलेक्टर।



खबर संक्षेप

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विजयादशमी उत्सव आज

चाम्पा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नगर विक्रम शाखा सरस्वती नगर का विजयादशमी उत्सव रविवार 25 अक्टूबर को सायं 4.30 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के जिला संघ चालक हेमलाल सिंह तथा मुख्य अतिथि लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमैन रामप्रपन्न देवांगन होंगे। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ. शांति कुमार सोनी ने उत्सव में आमंत्रितों से शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

अग्रवाल सेवा संघ का शरद पूर्णिमा महोत्सव आज

चाम्पा। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में रविवार 25 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से दुर्गा पंडाल कुश वाटिका में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण मध्य रात्रि मीठी खीर का वितरण, ग्रूप गेम, हाई टी एवं गीत, संगीत व मनोरंजन की विविध प्रस्तुतियां होंगी। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी,सचिव राज अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने आमंत्रितों से महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

कुरदा में अखण्ड नवधा रामायण आज से, होगा मानस गायन प्रतियोगिता

चाम्पा। ग्राम कुरदा में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण महोत्सव एवं अमृत पान ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव इस वर्ष अपने 28वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन का शुभारंभ रविवार 25 अक्टूबर से होगा। आयोजन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 नवंबर को मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं 3 नवंबर को कथा विश्राम, हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ महोत्सव का समापन होगा। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मानस गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 11,001 रुपये, द्वितीय को 7,001 रुपये, तृतीय को 5,001 रुपये, चतुर्थ को 4,001 रुपये तथा पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3,001 रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह षष्ठम स्थान के लिए 2,001 रुपये, सप्तम के लिए 1,701 रुपये, अष्टम के लिए 1,501 रुपये, नवम के लिए 1,401 रुपये, दशम के लिए 1,301 रुपये तथा एकादश स्थान के लिए 1,201 रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। वहीं, द्वादश से लेकर 20वें स्थान तक के प्रतिभागियों को प्रत्येक को 1,001 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

निधन

चमेली बाई शुक्ला

शिवरीनारायण। ग्राम मिसदा की प्रतिष्ठित महिला चमेली बाई शुक्ला का 78 वर्ष की उम्र में शुक्रवार 23 अक्टूबर को निधन हो गया। वें स्व. नीलकंठ शुक्ला की धर्मपत्नी व जगदीश शुक्ला, रोहणी शुक्ला, अश्वनी शुक्ला व दिनेश शुक्ला की मां थीं। अंतिम संस्कार मिसदा के तालाब के किनारे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



श्रीमती शुकवारा देवांगन

चांपा। स्थानीय सीताराम गली मंझली तालाब निवासी वरिष्ठ समाचार पत्र अभिकर्ता चेतन देवांगन की माता एवं युवा पत्रकार महेन्द्र देवांगन डब्बू की दादी श्रीमती शुकवारा देवांगन का शुक्रवार 23 अक्टूबर को सुबह निवास पर निधन हो गया. वे 91 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती देवांगन अपने पीछे तीन पुत्रों तथा दो पुत्रियों समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ही अपरान्ह 4 बजे हसदेव बैरियर के पास पी. आई. एल. बाईपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र चेतन देवांगन ने दी।



मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत चांपा रेलवे स्टेशन से 277 तीर्थयात्री पुरी रवाना

धार्मिक स्थलों के दर्शन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति की होगी अनुभूति : मिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जिले के 277 तीर्थयात्रियों का भगवान जगन्नाथ के दर्शन का सपना साकार होने जा रहा है। शनिवार को चांपा रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को लेकर विशेष यात्रा रवाना हुई। चार दिवसीय इस तीर्थ यात्रा में श्रद्धालु पुरी, कोणार्क और भुवनेश्वर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा आस्था के साथ-साथ वर्षों पुरानी अभिलाषा पूरी होने का अवसर लेकर आई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को निःशुल्क तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है। 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। चांपा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य राज कुमार साहू, इंजी. रवि पांडेय और अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया तथा सभी तीर्थयात्रियों को सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभकारी है। आर्थिक परिस्थितियों के कारण जो लोग देश के प्रमुख तीर्थस्थलों तक नहीं पहुंच पाते, उन्हें इस योजना के माध्यम से दर्शन का अवसर मिल रहा है। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुखद यात्रा की कामना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के दर्शन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होगी।



चांपा रेलवे स्टेशन से तीर्थयात्रियों को रवाना करते अतिथि।

भगवान जगन्नाथ के दर्शन के साथ देखेंगे सूर्य मंदिर

चार दिवसीय यात्रा के दौरान तीर्थयात्री पुरी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही विश्वप्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर और भुवनेश्वर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी करेंगे। यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन की ओर से भोजन, चिकित्सा, ठहरने तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के तीर्थस्थलों के दर्शन कर सकें। तीर्थ यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने खर्च पर पुरी जाकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करना उनके लिए कठिन था। अब मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से उन्हें यह सौभाग्य मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के दर्शन की उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूरी होने जा रही है। उनके लिए यह यात्रा केवल धार्मिक भ्रमण नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और जीवन की एक यादगार अनुभूति है।

विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायतों का किया सघन निरीक्षण, कार्यों में तेज़ी लाने दिए निर्देश

ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देने और स्थानीय श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सी के आदिले जनपद पंचायत सक्ती ने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा और निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का जायजा लेना और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करना था।

सीईओ द्वारा जनपद सक्ती के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनपुर, सुंदरेली, पुटेकला और चमराबरपाली का विस्तृत दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। सीईओ ने बताया कि वीबी - जी राम जी योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे गांवों में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों और तकनीकी अमले को निर्देश दिए कि: स्वीकृत कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ तुरंत शुरू कराया जाए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक स्थानीय श्रमिकों को काम पर लगाया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद रोजगार से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या श्रमिकों की उपस्थिति में कमी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस निरीक्षण दौरे के दौरान जनपद पंचायत के तकनीकी अधिकारी, संबंधित पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी को लेकर आज होगा नेटबॉल खिलाड़ियों का चयन ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम की तैयारी एवं कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में राज्य स्तरीय नेटबॉल चयन ट्रायल का आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को किया जाएगा। यह चयन ट्रायल जांजगीर स्थित खोखरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस चयन ट्रायल में यूथ एवं सीनियर वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी समिति की निगरानी में ट्रायल संपन्न कराया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार चयन ट्रायल की रिपोर्ट नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया को भेजी जाएगी। एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती मीना केरकेट्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नेटबॉल खेल को बढ़ावा देने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के चयन ट्रायल महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर चयन स्थल पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। एसोसिएशन के सचिव राजेश राठौर ने बताया कि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए चयन ट्रायल के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



भाजपा मंडल की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी मंडल भौथिया की मासिक बैठक मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कोरबा प्रभारी श्रीकृष्णकांत चंद्रा तथा मंडल प्रभारी राम नरेश यादव के आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष मनहर चंदा के स्वागत भाषण और रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुई। बैठक में मुख्य अतिथि श्रीकृष्णकांत चंद्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल को मजबूत करने के लिए मंडल अध्यक्ष को पिछले माह की रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजना का विस्तार से खाका तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात शक्ति केंद्र की बैठकें आयोजित की जाएं और हर बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को बूथ स्तर पर सुना जाए। उन्होंने कहा कि इन्हीं संगठनात्मक कार्यों के बूते हम पार्टी को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। बैठक में मंडल प्रभारी रामनरेश यादव ने विशेष रूप से 'एसआईआर' के संबंध में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी और इस पर सक्रियता से काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनहर चंदा, महामंत्री सहित सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक भूषण चंद्रा, टिकेश्वर चंद्रा, डां श्याम चंद्रा, सहित बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का महामंत्री धनंजय चन्दा ने आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 12 नवंबर से शुरू होगा विशेष अभियान, 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा भी करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम घोषित किया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले नागरिकों का पंजीयन सुनिश्चित करना है। इसके तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटाने तथा विवरणों में संशोधन कराने का अवसर मिलेगा। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्गठन 2 नवंबर तक किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। इनका निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। वहीं, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने या आपत्ति दर्ज करने के लिए फॉर्म-7 तथा विवरण में संशोधन, स्थानांतरण और दिव्यांग चिन्हांकन के लिए फॉर्म-8 भरना होगा।

डीपीएस में ग्रैंड-पेरेंट्स डे का आयोजन, दादा-दादी संग बच्चों ने बिखेरे खुशियों के रंग

चांपा। दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं डीपीएस किड्स, चांपा के संयुक्त तत्वावधान में प्री-नर्सरी से कक्षा पहली तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रैंड-पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। आत्मीयता और पारिवारिक स्नेह से सराबोर इस आयोजन में केरल की पारंपरिक वेशभूषा की थीम विशेष आकर्षण रही। पारंपरिक परिधानों में सजे बुजुर्गों और नन्हे विद्यार्थियों ने समारोह की रौनक बढ़ा दी।

- केरल की पारंपरिक वेशभूषा ने बढ़ाई समारोह की रौनक, नृत्य, नाटक और रैंप वॉक के जरिए दिया बुजुर्गों के सम्मान का संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यापिका अपूर्वा देवांगन के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद प्री-प्राइमरी की हेड टीचर प्रीति रंजन ने अपने संबोधन में बच्चों के जीवन में दादा-दादी और नाना-नानी की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने पारिवारिक रिश्तों को मजबूत बनाने और बच्चों में संस्कार विकसित करने में बुजुर्गों के योगदान को रेखांकित किया। समारोह में प्री-नर्सरी से कक्षा पहली तक के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से परिवार में बुजुर्गों के सम्मान और उनके महत्त्व का प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दादा-दादी और उनके नन्हे पोते-पोतियों की रैंप वॉक रही। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ रैंप पर अपनी प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बालवाटिका-1 के विद्यार्थियों के नृत्य का मार्गदर्शन शिक्षिका आरजू सिंह ने किया, जबकि डीपीएस किड्स, चांपा के विद्यार्थियों की प्रस्तुति शिक्षिका खुशी सोनी के निर्देशन में हुई। बालवाटिका-2 की प्रस्तुतियों में उमेदा अंसारी, अदिति श्रीवास एवं शीतल कर्ष का योगदान रहा। बालवाटिका-3 की प्रस्तुतियों में शिक्षिका यशस्वी साहू, माधवी कुमारी एवं राधिका देवांगन ने सहयोग दिया। डीपीएस किड्स, चांपा की बालवाटिका-3 की प्रस्तुति अपूर्वा देवांगन के मार्गदर्शन में हुई। कक्षा पहली के विद्यार्थियों के आकर्षक नृत्य का निर्देशन रानी राजपूत एवं प्रियांशी राठौर ने किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की वास्तविक शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि परिवार के बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर, संवेदनशीलता और कृतज्ञता जैसे जीवन-मूल्यों को आत्मसात करना भी इसका अभिन्न हिस्सा है। दादा-दादी का सान्निध्य बच्चों को प्रेम, सुरक्षा और संस्कारों की अमूल्य पूंजी प्रदान करता है। समारोह के अंत में शिक्षिका माधवी कुमारी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की प्रभारी प्रधान शिक्षिका प्रीति रंजन रहीं।



भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की कृपा, कपिल मुनि के ज्ञान और शिव-पार्वती के अटूट प्रेम का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भगवान की शरणागति ही संकटों से मुक्ति का मार्ग : सविता गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के हृदयस्थल स्थित द मॉडर्न विलेज में डॉ. बिरथरे परिवार द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा वाचिका श्रीमती सविता गोस्वामी ने परीक्षित जन्म, कपिलाख्यान और भगवान शिव-पार्वती विवाह के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

कथा के दौरान परीक्षित जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रीमती सविता गोस्वामी ने बताया कि जब अश्वत्थामा ने उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु को नष्ट करने के उद्देश्य से ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की। भगवान की कृपा से ही परीक्षित सुरक्षित रहे और आगे चलकर राजा परीक्षित के रूप में विख्यात हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रसंग भगवान के प्रति अटूट विश्वास और उनकी कृपा की महिमा को दर्शाता है। जो भक्त सच्चे मन से भगवान की शरण ग्रहण करता है, उसके जीवन में आने वाले संकटों से उबरने का मार्ग भी प्रभु की कृपा से प्रशस्त होता है। कथा वाचिका ने श्रद्धालुओं से जीवन में भक्ति, विश्वास और सदाचार को अपनाने का आह्वान किया। महर्षि कपिल मुनि और उनकी माता देवहूति के प्रसंग के माध्यम से कथा वाचिका ने आत्मा, परमात्मा और सांख्य योग के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि सच्चा ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मचिंतन, सद्कर्म और ईश्वर के प्रति समर्पण से जीवन में उतरता है। उन्होंने कहा कि भक्ति ही ज्ञान की जननी है। जब मनुष्य का मन भक्ति से निर्मल होता है, तब उसके भीतर विवेक, वैराग्य और आत्मज्ञान का उदय होता है। कपिल मुनि द्वारा माता देवहूति को दिया गया उपदेश मनुष्य को मोह-माया से ऊपर उठकर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा के समापन पर श्रीमद्भागवत महापुराण की भव्य महाआरती की गई। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. श्रीमती शरद एवं डॉ. विश्वनाथ बिरथरे, डॉ. सौरभ एवं डॉ. पल्लवी बिरथरे, डॉ. शिल्पा हर्णे तथा डॉ. कुमुदिनी एवं डॉ. रविन्द्र कुमार द्विवेदी सपरिवार शामिल हुए। इस पावन अवसर पर शशि भूषण सोनी भी उपस्थित रहे। कथा श्रवण करने पंडित रामगोपाल गौरहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रकाश मनवानी, गजेन्द्र अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सुरेश चन्द्र देवांगन, बैजनाथ देवांगन, रामगोपाल सोनी, चंद्र कुमार जायसवाल, डॉ. भारती शर्मा, सुमन गुप्ता, डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी, गीता सोनी और आरती देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाती सविता गोस्वामी।



